# प्रेस नोट थाना कैण्ट गोरखपुर दिनांक 01.06.2022

## डाक्टर को असलहा सटाकर लूट करने वाले फरार चल रहे तीसरे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

जनपद गोरखपुर में अपराध एवं अपराधियो पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्ग निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैण्ट के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कैण्ट पुलिस की टीम द्वारा मु0अ0सं0- 340/2021 धारा 394/411/120 बी भादवि से सम्बन्धित लूटेरा/वांछित अभियुक्त कन्हैया मद्देशिया उर्फ स्वराज मद्देशिया पुत्र स्व0 राम किशोर उर्फ गोजाई मद्देशिया निवासी सहारा बैंक के नीचे सुबाष नगर टाउन एरिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थ नगर को लूट के 2270/-रुपया बरामद करते हुए दिनांक 31.05.2022 को समय करीब 21.00 बजे आर0सी0 रेजीडेन्सी आजाद चौक से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही किया जा रहा है ।

### अपराध/पूछताछ विवरण:-

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि दिनांक 06.06.21 को बुलेट से मैं , सागर गौड़ व अशोक शर्मा गोरखपुर आये थे फिर लाइफ पैथालाजी के पास जाकर लूट का प्रयास किये थे परन्तु सफलता नहीं मिली पुनः दिनांक 07.06.21 को इसी काम से आये परन्तु काम न होने के कारण सोहरतगढ वापस चले गये। दिनांक 10.06.21 को हम लोगो के साथ दीपू मोदनवाल व अमन अग्रहरी भी साथ में आये थे परन्तु काम नही हो पाया दिनांक 12.06.21 को हम लोग मिलकर  लाइफ पैथालाजी के पास गये। अनूप व अशोक शर्मा मोटर साइकिल स्टार्ट कर बैठ कर सागर गौड़ का इन्तजार कर रहे थे। सागर गौड़ लाइफ पैथालाजी से जब डाक्टर साहब हाथ में थैला लेकर निकले तो वह पेड़ के पास पीछे से दौड़ कर असलहा सटाकर उनके हाथ में लिये झोले को छिन लिया तथा दौड़कर मोटर साइकिल पर आकर बैठ गया। वहाँ से हमलोग कैण्ट चौराहा होते हुए रुस्तमपुर देवरिया रोड की तरफ भाग गये। अपने साथियो के गिरफ्तारी के बाद से अपने पकड़े जाने के डर से मैं तभी से घर से फरार था। अभियुक्त कन्हैया मद्धेशिया थाना स्थानीय के मु0अ0सं0- 340/21 के मुकदमें में पिछले एक साल से फरार चल रहा था।

### अभियुक्त का नाम पता-

**कन्हैया मद्देशिया उर्फ स्वराज मद्देशिया पुत्र स्व0 राम किशोर उर्फ गोजाई मद्देशिया निवासी सहारा बैंक के नीचे सुबाष नगर टाउन एरिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थ नगर**

### गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण

मु0अं0सं0 340/21 धारा 394/411/120बी भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

### बरामदगी-

लूट का 2270/-रुपया

## गिरफ्तारी का स्थान /समय:-

**आर0सी0 रेजीडेन्सी आजाद चौक / दिनांक 31.05.2022 समय करीब 21.00 बजे**

## गिरफ्तारी की टीम-

1. **प्रभारी निरीक्षक शशि भूषण राय थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
2. **उ0नि0 विशाल कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी बेतियाहाता थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
3. **हे0कां0 धीरज सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
4. **हे0कां0 रंजीत सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
5. **कां0 दीपक थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**
6. **कां0 शिवानन्द कुमार थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर**